Prepp
Your Personal Exams Guide

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सीईएन - 07/2025 - एनटीपीसी पूर्व-स्नातक स्तर - CEN - 07/2025 - NTPC UNDER GRADUATE LEVEL

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 14/06/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC UnderGraduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Mathematics**

**Q.1** दो नल एक टंकी को क्रमशः 4 घंटे और 22 घंटे में भर सकते हैं। तीसरा नल उसे 22 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नल एक साथ खोल दिए जाएं, तो खाली टंकी को एक-चौथाई भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

**Ans**
- ✗ A. 2
- ✗ B. 3
- ✓ C. 1
- ✗ D. 4

**Q.2** X, Y और Z एक साझेदारी में प्रवेश करते हैं। X, 12 महीनों के लिए ₹60,000 का निवेश करता है और Y, 6 महीनों के लिए ₹80,000 का निवेश करता है तथा Z, 4 महीनों के लिए ₹1,20,000 का निवेश करता है। यदि कुल लाभ ₹77,000 है, तो Z का हिस्सा कितना है?

**Ans**
- ✗ A. ₹18,000
- ✗ B. ₹20,000
- ✗ C. ₹24,000
- ✓ D. ₹22,000

**Q.3** एक ट्रेन 5 km/h और 7 km/h की चाल से एक ही दिशा में दौड़ रहे दो धावकों को क्रमशः 18 सेकंड और 20 सेकंड में पार कर जाती है। ट्रेन की लंबाई (मीटर में) कितनी है?

**Ans**
- ✗ A. 80
- ✓ B. 100
- ✗ C. 70
- ✗ D. 90

**Q.4** एक टैंक को दो पाइपों, A और B, द्वारा भरा जाता है और एक तीसरे पाइप C द्वारा खाली किया जाता है। पाइप A टैंक को 10 घंटे में भरता है और पाइप B टैंक को 15 घंटे में भरता है। पाइप C उसे 20 घंटे में खाली करता है। यदि तीनों पाइप को एक साथ खोला जाए, और पाइप C को 4 घंटे बाद बंद कर दिया जाए, तो टैंक को भरने में कुल कितना समय लगेगा?

**Ans**
- ✓ A. 7.2 घंटे
- ✗ B. 8.2 घंटे
- ✗ C. 7.5 घंटे
- ✗ D. 8 घंटे

Q.5 $(2+\sqrt{3})$ और $(10-\sqrt{75})$ का माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. $\sqrt{5}$
- ✘ B. $2+\sqrt{3}$
- ✘ C. $\sqrt{3}$
- ✘ D. $\sqrt{2}$

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.6 चार अंकों की वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जिसे 10, 11 और 8 से विभाजित किए जाने पर प्रत्येक स्थिति में शेषफल 7 प्राप्त हो।

Ans
- ✘ A. 9978
- ✘ B. 9557
- ✔ C. 9687
- ✘ D. 9398

Q.7 एक डिलीवरी राइडर वेयरहाउस A से स्टोर B तक 48 km की दूरी 32 km/hr की चाल से तय करता है। वापसी में उसी मार्ग पर यातायात के कारण वह 24 km/hr की चाल से तय करता है। संपूर्ण यात्रा के लिए राइडर की औसत चाल कितनी है? (उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans
- ✘ A. 23.74 km/hr
- ✔ B. 27.43 km/hr
- ✘ C. 24.56 km/hr
- ✘ D. 26.85 km/hr

Q.8 4 वर्ष पहले, श्याम की आयु उसके पुत्र रजत की आयु की सात गुना थी। आठ वर्ष बाद, श्याम की आयु रजत की आयु की तीन गुना होगी। श्याम की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 46 वर्ष
- ✘ B. 42 वर्ष
- ✘ C. 38 वर्ष
- ✘ D. 45 वर्ष

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.9 एक शर्ट जिसकी मूल कीमत ₹800 है, पहले उसकी कीमत में 30% की कमी की जाती है और फिर 15% की वृद्धि की जाती है। अब उसकी नई कीमत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. ₹714
- ✔ B. ₹644
- ✘ C. ₹680
- ✘ D. ₹750

Q.10 किसी वस्तु का अंकित मूल्य ₹500 है। एक सेल के दौरान, इसका मूल्य घटकर ₹450 हो जाता है। मूल्य में हुई प्रतिशत कमी ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 8%
- ✔ B. 10%
- ✘ C. 5%
- ✘ D. 12%

Q.11 एक रेफ्रिजरेटर की मूल कीमत $1,500 थी। क्लीयरेंस सेल के दौरान, इस पर प्रारंभ में 30% की छूट दी गई और फिर छूट देने के बाद कम हुई कीमत पर अतिरिक्त 10% की छूट दी गई। रेफ्रिजरेटर पर कुल कितने प्रतिशत की छूट दी गई?

Ans
- ✘ A. 40%
- ✘ B. 30%
- ✔ C. 37%
- ✘ D. 35%

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.12 12 संख्याओं का औसत 38 है। यदि इसमें दो और संख्याएँ 50 और 62 शामिल कर ली जाती हैं, तो नया औसत ज्ञात कीजिए।
(अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans
- ✗ A. 41.57
- ✗ B. 38.57
- ✓ C. 40.57
- ✗ D. 39.57

Q.13 ₹1,250 अंकित मूल्य वाली एक वस्तु को दो क्रमिक छूटों पर बेचा जाता है, जिससे उसका विक्रय मूल्य ₹900 हो जाता है। यदि पहली छूट 20% है, तो दूसरी छूट कितनी है?

Ans
- ✗ A. 12%
- ✗ B. 15%
- ✗ C. 8%
- ✓ D. 10%

Q.14 $\left\{\frac{(3)^{-5}\times(8)^{5}\times(125)^{3}\times(36)^{3}}{(100)^{4}\times256\times216\times(2)^{2}}\right\}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. $\frac{5}{9}$
- ✗ B. $\frac{2}{7}$
- ✗ C. $\frac{3}{8}$
- ✗ D. $\frac{4}{5}$

Q.15 एक बेलनाकार टैंक का व्यास 12 m और ऊँचाई 10 m है। यदि टैंक के दोनों सिरे बंद हैं, तो इसके वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल और संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल का अनुपात क्या होगा?

Ans
- ✓ A. 5:8
- ✗ B. 2:5
- ✗ C. 3:5
- ✗ D. 4:7

Q.16 $\left(\frac{\sqrt[3]{4096}}{\sqrt[4]{10000}}\right)\times\frac{5}{48}\times186$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 29
- ✗ B. 36
- ✗ C. 30
- ✓ D. 31

Q.17 एक दुकानदार चीनी का मूल्य, क्रय मूल्य से 24% अधिक अंकित करता है और 18% की छूट प्रदान करता है लेकिन 1 kg के स्थान पर 800 ग्राम के बाट का उपयोग करता है। उसका समग्र लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 27.1%
- ✗ B. 25.4%
- ✗ C. 26%
- ✗ D. 28%

Prepp Your Personal Exams Guide

Q.18 दो बैंकों, A और B ने क्रमशः 3.5% और 6.5% वार्षिक की दर से ऋण की पेशकश की। अजय ने प्रत्येक बैंक से ₹2,60,000 का ऋण लिया। 2 वर्षों के बाद अजय द्वारा दोनों बैंकों को भुगतान किए गए साधारण ब्याज की राशियों के बीच धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 16,600
- ✓ B. 15,600
- ✗ C. 15,100
- ✗ D. 17,100

Q.19 12 और किसी संख्या के बीच का माध्यानुपाती, 9 और 16 के बीच के माध्यानुपाती का दोगुना है। वह संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 56
- ✗ B. 72
- ✓ C. 48
- ✗ D. 60

Q.20 80 m ऊँची चट्टान की चोटी से, एक ही दिशा में चल रहे दो जहाजों के अवनमन कोण क्रमशः 30° और 60° हैं। जहाजों के बीच की दूरी (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 92.38 m
- ✗ B. 92.58 m
- ✗ C. 92.18 m
- ✗ D. 92.78 m

Q.21 ब्याज की वह दर ज्ञात कीजिए जिस पर ₹15,000 की धनराशि पर 4 वर्षों में साधारण ब्याज के रूप में ₹3,600 प्राप्त हों।

Ans
- ✗ A. 5%
- ✓ B. 6%
- ✗ C. 4%
- ✗ D. 7%

Q.22 सरल कीजिए।

$$\frac{340}{17} \times \frac{156}{13} + \frac{1484}{28} - \frac{14}{10}$$

Ans
- ✗ A. 261.6
- ✗ B. 281.6
- ✓ C. 291.6
- ✗ D. 271.6

Q.23 एक आयताकार मैदान की भुजाओं की लंबाई 55 m और 70 m है। इसका क्षेत्रफल एक वृत्तीय मैदान के क्षेत्रफल के बराबर है। वृत्तीय मैदान का परिमाप (m में) कितना है?

($\pi = \frac{22}{7}$ मानिए)

Ans
- ✗ A. 174
- ✗ B. 181
- ✗ C. 197
- ✓ D. 220

Q.24 नितिन ने दो वस्तुओं में से प्रत्येक को ₹2,973 में बेचा, जिसमें पूरे लेन-देन में न तो लाभ हुआ और न ही हानि हुई। यदि एक वस्तु को 50% के लाभ पर बेचा गया, तो दूसरी वस्तु को कितने प्रतिशत की हानि पर बेचा गया?

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans
- ✗ A. 27%
- ✗ B. 22%
- ✗ C. 26%
- ✓ D. 25%

Q.25 $22^3 + (-18)^3 + (-4)^3$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 4617
- ✗ B. 4800
- ✓ C. 4752
- ✗ D. 4819

Q.26 एक दुकानदार दो प्रकार के पेन, A और B बेचता है। किसी दिन बेचे गए पेन की कुल संख्या 120 है। पेन A की कीमत ₹12 प्रति पेन है और पेन B की कीमत ₹8 प्रति पेन है। यदि कुल बिक्री राशि ₹1120 है, तो उसने A प्रकार के कितने पेन बेचे?

Ans
- ✗ A. 50
- ✓ B. 40
- ✗ C. 80
- ✗ D. 70

Q.27 निम्नलिखित में से कौन-सा सह-अभाज्य संख्याओं का युग्म है?

Ans
- ✗ A. 27 और 36
- ✗ B. 42 और 56
- ✗ C. 44 और 99
- ✓ D. 25 और 36

Q.28 एक सम बहुभुज के आंतरिक कोण का माप 162° है। बहुभुज की भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 20
- ✗ B. 18
- ✗ C. 12
- ✗ D. 22

Q.29 $(4K^2 + 2M)$ का वह न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए जिसके लिए पाँच अंकों की संख्या 7KM93, संख्या 9 से विभाज्य हो।

Ans
- ✗ A. 14
- ✗ B. 27
- ✗ C. 12
- ✓ D. 16

Q.30 निम्नलिखित आंकड़ों का माध्य ज्ञात कीजिए।

| वर्ग अंतराल | 0-8 | 8-16 | 16-24 | 24-32 | 32-40 | 40-48 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 4 | 6 | 7 | 3 | 12 | 8 |

Ans
- ✗ A. 29.3
- ✓ B. 27.4
- ✗ C. 25.2
- ✗ D. 30.5

Section : **General Awareness**

Q.31 निम्नलिखित में से कौन-सी मशीन चार्ल्स बैबेज द्वारा डिजाइन की गई थी?
Ans
✔ A. एनालिटिकल इंजन
✗ B. एटानासॉफ-बेरी कंप्यूटर
✗ C. ENIAC
✗ D. UNIVAC

Q.32 सूचना का अधिकार (RTI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।
I. RTI अधिकतम निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने का एक अस्त्र बन गया है।
II. RTI अधिनियम का उपयोग उपभोक्ता मंचों के कामकाज की दक्षता बढ़ाने के लिए भी किया गया है।
Ans
✗ A. केवल II सही है
✔ B. I और II दोनों सही हैं
✗ C. न तो I और न ही II सही है
✗ D. केवल I सही है

Q.33 प्रथम स्वतंत्रता संग्राम (1857) किस स्थान से आरंभ हुआ था?
Ans
✗ A. दिल्ली
✗ B. कानपुर
✔ C. मेरठ
✗ D. लखनऊ

Q.34 कमरे के तापमान (लगभग 20°C) पर वायु में ध्वनि की अनुमानित चाल कितनी होती है?
Ans
✔ A. 343 m/s
✗ B. 300 m/s
✗ C. 1500 m/s
✗ D. 5000 m/s

Q.35 सन् 1798 में अंग्रेजों के साथ सहायक संधि करने वाला प्रथम भारतीय शासक कौन था?
Ans
✗ A. मैसूर के महाराजा
✗ B. अवध के नवाब
✔ C. हैदराबाद के निज़ाम
✗ D. जयपुर के महाराजा

Q.36 स्वामी विवेकानंद ने 1893 में किस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व किया था?
Ans
✔ A. शिकागो विश्व धर्म संसद
✗ B. हेग शांति सम्मेलन
✗ C. लंदन मिशनरी सम्मेलन
✗ D. प्रथम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

Q.37 1991 के बाद आर्थिक सुधारों के कारण कौन-से नए उद्योग विकसित हुए?
Ans
✔ A. बैंकिंग और सूचना प्रौद्योगिकी
✗ B. केवल तेल और गैस
✗ C. रेलवे और रक्षा
✗ D. अंतरिक्ष और परमाणु

Q.38 15 g लवण को 585 g जल में घोलकर एक विलयन तैयार किया जाता है। विलयन के द्रव्यमान प्रतिशत (w/w) की गणना कीजिए।
Ans
✗ A. 2.1%
✗ B. 1.5%
✔ C. 2.5%
✗ D. 0.5%

Q.39 निम्नलिखित में से किस माध्यम में ध्वनि एक विशेष तापमान पर सबसे तेज गति से चलती है?

Ans
- ✔ A. आयरन
- ✘ B. वायु
- ✘ C. निर्वात
- ✘ D. जल

Q.40 निम्नलिखित में से किस कीबोर्ड शॉर्टकट का उपयोग कॉपी की गई सामग्री को पेस्ट करने के लिए किया जाता है?

Ans
- ✘ A. Ctrl + C
- ✔ B. Ctrl + V
- ✘ C. Ctrl + F
- ✘ D. Ctrl + S

Q.41 स्टार्च (Starch), जो आटे और आलू का एक मुख्य घटक है, एक पॉलीसैकेराइड है। जब स्टार्च को जल के साथ गर्म किया जाता है, तो कौन-सी रासायनिक प्रक्रिया घटित होती है?

Ans
- ✘ A. साबुनीकरण
- ✔ B. जिलेटिनीकरण
- ✘ C. किण्वन
- ✘ D. कैरामलाइज़ेशन

Q.42 भारत के संविधान की एकात्मक विशेषता क्या है?

Ans
- ✘ A. द्विसदनी विधानमंडल
- ✘ B. द्वैध शासन
- ✔ C. एकीकृत न्यायपालिका
- ✘ D. संविधान की सर्वोच्चता

Q.43 ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, 2000 से 2020 के बीच प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के अंतर्गत ग्रामीण सड़क संपर्क में कितने प्रतिशत का सुधार हुआ?

Ans
- ✘ A. 55%
- ✘ B. 40%
- ✘ C. 65%
- ✔ D. 80%

Q.44 स्वर्ण सिंह समिति द्वारा सुझाए गए मौलिक कर्तव्यों को किस संवैधानिक संशोधन के माध्यम से सम्मिलित किया गया था?

Ans
- ✘ A. 44वां संशोधन
- ✘ B. 48वां संशोधन
- ✔ C. 42वां संशोधन
- ✘ D. 40वां संशोधन

Q.45 निम्नलिखित में से किस व्यक्तित्व को 2008 में भारत रत्न प्राप्त हुआ और 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' में अपने अभिनय से व्यापक रूप से प्रसिद्ध हुए?

Ans
- ✔ A. पंडित भीमसेन जोशी
- ✘ B. बड़े फ़तेह अली खान
- ✘ C. नायक गोपाल
- ✘ D. गंगूबाई हंगल

Q.46 वैश्वीकरण का क्या अर्थ है?

Ans
- ✗ A. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की मात्रा का न्यूनन
- ✗ B. देशों का वैश्विक बाजारों से आर्थिक वियोजन
- ✓ C. किसी देश की अर्थव्यवस्था का विश्व अर्थव्यवस्था के साथ समेकन
- ✗ D. प्रमुख उद्योगों में राजकीय स्वामित्व का विस्तार

Q.47 अप्रैल 2025 में, स्वीकृत नवनिर्मित ग्रीनफील्ड हाई-स्पीड कॉरिडोर किन दो भारतीय राज्यों से होकर गुजरेगा?

Ans
- ✓ A. मेघालय और असम
- ✗ B. त्रिपुरा और मिजोरम
- ✗ C. मणिपुर और नागालैंड
- ✗ D. अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम

Q.48 जनसंख्या घनत्व को प्रति __________ में व्यक्तियों की संख्या के रूप में परिभाषित किया जाता है।

Ans
- ✗ A. शहरी केंद्र
- ✓ B. इकाई भूमि क्षेत्र
- ✗ C. कुल जनसंख्या
- ✗ D. कृषिगत् भूमि

Q.49 भारत का निम्नलिखित में से कौन-सा द्वीप, मालाबार तट के सबसे निकट है?

Ans
- ✗ A. अंडमान द्वीप समूह
- ✗ B. दीव द्वीप
- ✗ C. निकोबार द्वीप समूह
- ✓ D. लक्षद्वीप

Q.50 सैय्यद अहमद खान का अलीगढ़ आंदोलन, आर्य समाज से किस प्रकार भिन्न था?

Ans
- ✗ A. अलीगढ़ आंदोलन ने विज्ञान का विरोध किया, जबकि आर्य समाज ने पुराने धर्मग्रंथों को अस्वीकार कर दिया।
- ✗ B. अलीगढ़ आंदोलन ने आधुनिक शिक्षा को अस्वीकार कर दिया, जबकि आर्य समाज ने तर्कसंगत चिंतन को हतोत्साहित किया।
- ✓ C. अलीगढ़ आंदोलन ने पश्चिमी शैली की शिक्षा का समर्थन किया, जबकि आर्य समाज ने वैदिक अध्ययन को बढ़ावा दिया।
- ✗ D. अलीगढ़ आंदोलन ने पुरोहितों के नियंत्रण को प्रोत्साहित किया, जबकि आर्य समाज ने एकेश्वरवाद को अस्वीकार कर दिया।

Q.51 42वें संशोधन द्वारा अधिकरणों को संविधान के किस भाग के अंतर्गत रखा गया है?

Ans
- ✓ A. भाग XIV-A
- ✗ B. भाग XII
- ✗ C. भाग XV
- ✗ D. भाग IX-B

Q.52 जनसंख्या पिरामिड में, संकीर्ण आधार और चौड़े शीर्ष द्वारा निम्नलिखित में से किसका संकेत देने की संभावना सबसे अधिक होती है?

Ans
- ✓ A. निम्न जन्म दर और उच्च जीवन प्रत्याशा
- ✗ B. उच्च जन्म दर और उच्च मृत्यु दर
- ✗ C. निम्न जन्म दर और निम्न जीवन प्रत्याशा
- ✗ D. उच्च जन्म दर और निम्न मृत्यु दर

Q.53 भारत की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील कौन-सी है?

Ans
- ✗ A. चिल्का झील
- ✗ B. लोकटक झील
- ✓ C. वुलर झील
- ✗ D. डल झील

Q.54 कोणार्क सूर्य मंदिर का निर्माण किसने करवाया था?

Ans
- ✗ A. अशोक
- ✓ B. नरसिंहदेव प्रथम
- ✗ C. चंद्रगुप्त द्वितीय
- ✗ D. हर्षवर्धन

Q.55 पृथ्वी पर वह क्षेत्र जहाँ किसी भी S-तरंग का पता नहीं चलता है, उसे किस नाम से जाना जाता है?

Ans
- ✗ A. सक्रिय क्षेत्र
- ✓ B. छाया क्षेत्र
- ✗ C. अधिकेन्द्री अंतराल
- ✗ D. भूकंपीय पट्टी

Q.56 बाइनरी डेटा को संग्रहीत करने के लिए कंप्यूटर द्वारा उपयोग की जाने वाली मेमोरी की बेसिक यूनिट को क्या कहते हैं?

Ans
- ✗ A. निबल (Nibble)
- ✗ B. बाइट (Byte)
- ✓ C. बिट (Bit)
- ✗ D. वर्ड (Word)

Q.57 मार्च 2026 में, जोस एंटोनियो कास्ट (Jose Antonio Kast) ने निम्नलिखित में से किस देश के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली?

Ans
- ✗ A. ब्राजील
- ✓ B. चिली
- ✗ C. पेरू
- ✗ D. अर्जेंटीना

Q.58 निम्नलिखित में से कौन-सा देश, मई 2025 में BRICS के न्यू डेवलपमेंट बैंक (BRICS' New Development Bank) का सदस्य बना?

Ans
- ✗ A. ताइवान (Tiawan)
- ✓ B. अल्जीरिया (Algeria)
- ✗ C. इथियोपिया (Ethopia)
- ✗ D. लक्समबर्ग (Luxumberg)

Q.59 निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत का सबसे महत्वपूर्ण बंदरगाह-आधारित औद्योगिक क्षेत्र है?

Ans
- ✗ A. अहमदाबाद–वडोदरा क्षेत्र
- ✓ B. हुगली औद्योगिक पट्टी
- ✗ C. हैदराबाद–बेंगलुरु कॉरिडोर
- ✗ D. छोटानागपुर पठार क्षेत्र

Q.60 मार्च 2025 में भारत के प्रधान मंत्री ने 7वीं राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता कहां की?

Ans
- ✗ A. सरिस्का टाइगर रिजर्व
- ✗ B. सतपुड़ा टाइगर रिजर्व
- ✗ C. पेंच राष्ट्रीय उद्यान
- ✓ D. गिर राष्ट्रीय उद्यान

Q.61 ग्राम न्यायालय अधिनियम निम्नलिखित में से किस वर्ष में अधिनियमित किया गया था?

Ans
- ✗ A. 2006
- ✗ B. 2002
- ✗ C. 2005
- ✓ D. 2008

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.62 डिस्क डीफ्रेगमेंटर हार्ड ड्राइव पर फ़ाइल फ्रैग्मेंट्स को पुनर्व्यवस्थित करता है ताकि उन्हें तेज़ी से एक्सेस किया जा सके। इस टूल को एप्लीकेशन सॉफ़्टवेयर के बजाय सिस्टम सॉफ़्टवेयर के रूप में क्यों वर्गीकृत किया गया है?

Ans
- ✗ A. यह सदैव उपयोगकर्ता को दिखाई देता है।
- ✓ B. यह मुख्यत: स्टोरेज संसाधनों को मेंटेन और ऑप्टिमाइज़ करता है, न कि लेटर लिखने जैसे डोमेन टॉस्कों को।
- ✗ C. इसे रन करने के लिए इंटरनेट की आवश्यकता होती है।
- ✗ D. यह केवल रिमूवेबल मीडिया पर कार्य करता है।

Q.63 अक्टूबर 2024 में केरल के मोटर वाहन विभाग (MVD) द्वारा संचालित बाल सुरक्षा नियमों के कार्यान्वयन का प्रथम चरण क्या है?

Ans
- ✗ A. उल्लंघनकर्ताओं को रोकना और चेतावनी देना
- ✗ B. चाइल्ड रिस्ट्रेंट सिस्टम का वितरण
- ✗ C. जुर्माने के साथ प्रवर्तन
- ✓ D. सोशल मीडिया जागरूकता अभियान

Q.64 निम्नलिखित में से किस स्थल से निम्न पुरापाषाण, मध्य और उत्तर पुरापाषाण तथा मध्यपाषाण स्तर के अवशेष प्राप्त हुए हैं?

Ans
- ✗ A. मध्य प्रदेश में आदमगढ़
- ✗ B. महाराष्ट्र में चिरकी-नेवासा
- ✓ C. मध्य प्रदेश में भीमबेटका शैलाश्रय
- ✗ D. बिहार के मुंगेर जिले में पैसरा

Q.65 तमिलनाडु का लोकप्रिय लोक नृत्य करागट्टम, जिसमें मुख्य रूप से महिलाएं सजावटी बर्तनों को संतुलित करते हुए नृत्य करती हैं, किस देवता को समर्पित है?

Ans
- ✗ A. देवी मीनाक्षी
- ✗ B. देवी अंडाल
- ✓ C. देवी मरियम्मन
- ✗ D. देवी कामाक्षी

Q.66 किस केंद्रीय मंत्रालय ने मुख्य रूप से 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ के लिए राष्ट्रीय स्तर के समारोह का आयोजन किया था?

Ans
- ✗ A. गृह मंत्रालय
- ✗ B. युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
- ✗ C. शिक्षा मंत्रालय
- ✓ D. संस्कृति मंत्रालय

Q.67 उद्देशिका में कौन-सा पद यह इंगित करता है कि भारत में राष्ट्राध्यक्ष वंशानुगत नहीं, बल्कि निर्वाचित होता है?

Ans
- ✗ A. पंथनिरपेक्ष
- ✗ B. संप्रभु
- ✓ C. गणतंत्र
- ✗ D. समाजवादी

Q.68 पुस्तक "द आर्ग्युमेंटेटिव इंडियन (The Argumentative Indian)", जिसमें भारतीय इतिहास और संस्कृति पर चर्चा की गई है, किसने लिखी है?

Ans
- ✓ A. अमर्त्य सेन
- ✗ B. शशि थरूर
- ✗ C. जवाहरलाल नेहरू
- ✗ D. रामचंद्र गुहा

Q.69 2025 में, निम्नलिखित में से किस कैरेबियाई द्वीप राष्ट्र ने भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम (Honorary Order of Freedom) पुरस्कार से सम्मानित किया?

Ans
- ✗ A. जमैका (Jamaica)
- ✗ B. त्रिनिदाद और टोबैगो (Trinidad and Tobago)
- ✗ C. सेंट लूसिया (Saint Lucia)
- ✓ D. बारबाडोस (Barbados)

Q.70 केंद्रीय बजट 2025-26 के अनुसार, स्टार्टअप्स के लिए नए फंड ऑफ फंड्स (Fund of Funds) का प्रस्तावित आकार क्या है?

Ans
- ✗ A. ₹5,000 करोड़
- ✗ B. ₹12,000 करोड़
- ✗ C. ₹7,500 करोड़
- ✓ D. ₹10,000 करोड़

## Section : General Intelligence and Reasoning

Q.71 सात बॉक्स L, M, N, O, P, Q और R, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
P को सबसे ऊपर से दूसरे स्थान पर रखा गया है। L और M के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। N को P से ठीक पहले रखा गया है। O के बाद केवल M को रखा गया है। R को O के ठीक ऊपर रखा गया है।
Q और M के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
- ✓ A. दो
- ✗ B. चार
- ✗ C. एक
- ✗ D. तीन

Q.72 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

184 164 145 127 110 94 ?

Ans
- ✗ A. 83
- ✓ B. 79
- ✗ C. 81
- ✗ D. 75

Q.73 सात डिब्बे B, C, D, E, Q, R और S एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। E के ऊपर कोई डिब्बा नहीं रखा गया है। E और Q के बीच केवल B को रखा गया है। C के नीचे केवल R को रखा गया है। Q और D के बीच केवल एक डिब्बा रखा गया है। S और R के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं?

Ans
- ✗ A. चार
- ✗ B. एक
- ✗ C. तीन
- ✓ D. दो

Q.74 उस त्रिक का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

JS-BJ-SB
LU-DL-UD

Ans
- ✗ A. NW-FN-OP
- ✗ B. NW-FN-KL
- ✗ C. NW-FN-WR
- ✓ D. NW-FN-WF

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.75 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं केवल एक-अंकीय संख्याएं हैं। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।)

(बाएं) 5 3 8 6 6 3 5 7 9 7 3 4 8 3 9 2 5 5 1 5 6 1 2 (दाएं)

ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या और ठीक बाद में भी एक सम संख्या है?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✓ B. एक
- ✗ C. चार
- ✗ D. दो

Q.76 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. IGD
- ✗ B. KIF
- ✓ C. GFB
- ✗ D. QOL

Q.77 एक निश्चित कूट भाषा में,
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A + B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है' और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'S × D + R @ Y ÷ H' है, तो S का H से क्या संबंध है?

Ans
- ✓ A. पिता की माता के भाई की पत्नी
- ✗ B. भाई की पत्नी
- ✗ C. पिता की माता के भाई की पुत्री
- ✗ D. पिता के भाई की पत्नी

Q.78 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

22 C 10 D 9 A 21 B 42 = ?

Ans
- ✗ A. 16
- ✗ B. 15
- ✓ C. 14
- ✗ D. 12

Q.79 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

RU29 QT37 PS45 OR53 ?

Ans
- ✗ A. NQ62
- ✓ B. NQ61
- ✗ C. NR61
- ✗ D. NR62

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.80 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के सेटों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है।
दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
FHI : GBE
KXN : LRJ

Ans
- ✔ A. BNU : CHQ
- ✘ B. MHD : NBA
- ✘ C. HLP : IFM
- ✘ D. FKK : GEH

Q.81 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

9 A 3 C 15 B 2 = ? D 10

Ans
- ✔ A. 43
- ✘ B. 39
- ✘ C. 33
- ✘ D. 34

Q.82 R, E, A, D, I, N और G एक गोल मेज़ के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
R के दाएं से गिनने पर R और G के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। N के दाएं से गिनने पर D और N के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। G, N के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। A, I के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है।
E के दाएं ओर चौथे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✘ A. G
- ✔ B. A
- ✘ C. R
- ✘ D. N

Q.83 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। आपको यह तय करना है कि दिए गए कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: सभी पंखे, मोटर हैं। सभी मोटर, स्कूटर हैं।
निष्कर्ष (I): कुछ स्कूटर, मोटर हैं।
निष्कर्ष (II): सभी पंखे, स्कूटर हैं।

Ans
- ✘ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✘ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✘ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✔ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Q.84 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

कथन:
सभी डीजल, पेट्रोल हैं।
कुछ पेट्रोल, ईंधन हैं।

निष्कर्ष:
(I) कोई भी ईंधन, पेट्रोल नहीं है।
(II) कोई भी पेट्रोल, डीजल नहीं है।

Ans
- ✘ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✘ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✘ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✔ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.85 दी गई शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

9 ? 18 45 109 234

Ans
- ✗ A. 15
- ✓ B. 10
- ✗ C. 12
- ✗ D. 17

Q.86 किसी निश्चित कूट भाषा में,
A ^ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'
A ! B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है', और
A √ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।
ऊपर दी गई जानकारी के आधार पर, यदि 'T √ U ÷ V ^ W ! Z' है, तो T का Z से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. भाई का पुत्र
- ✓ B. पत्नी का पिता
- ✗ C. पत्नी का भाई
- ✗ D. पिता का भाई

Q.87 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

DXN HCR LHV PMZ ?

Ans
- ✗ A. USC
- ✓ B. TRD
- ✗ C. SQE
- ✗ D. TSC

Q.88 सात व्यक्ति A, B, D, J, O, T और Z एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। O के बाएं केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। O और Z के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। Z और D के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। A, J के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। B, Z का निकटतम पड़ोसी नहीं है। D के ठीक दाएं पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. Z
- ✗ B. B
- ✓ C. T
- ✗ D. O

Q.89 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
TWY VYA XAC ZCE ?

Ans
- ✗ A. BDF
- ✗ B. BFF
- ✓ C. BEG
- ✗ D. BCE

Q.90 उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

PK - QL - RT
RM - SN - TV

Ans
- ✗ A. KG - MH - NO
- ✗ B. KG - MI - NO
- ✓ C. LG - MH - NP
- ✗ D. LG - MH - NO

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.91 उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

13, 196
17, 324

Ans
- ✗ A. 21, 400
- ✗ B. 18, 381
- ✗ C. 19, 361
- ✓ D. 15, 256

Q.92 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. BE-YR
- ✗ B. MP – JC
- ✓ C. KM – HA
- ✗ D. OR-LE

Q.93 एक निश्चित कूट भाषा में, 'hall menu peak' को 'yy ae wp' के रूप में और 'peak boat owner' को 'mr yy sf' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'peak' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
- ✗ A. wp
- ✗ B. mr
- ✓ C. yy
- ✗ D. ae

Q.94 सीकर बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 17 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 14 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 18 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 19 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बाएं मुड़ता है और 1 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ A. 4 km; पूर्व की ओर
- ✓ B. 5 km; पश्चिम की ओर
- ✗ C. 3 km; पश्चिम की ओर
- ✗ D. 6 km; पश्चिम की ओर

Q.95 शब्द BACKLOG के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया गया है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया गया है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर ठीक दो बार आएगा?

Ans
- ✗ A. P
- ✓ B. B
- ✗ C. K
- ✗ D. J

Q.96 सात डिब्बे B, C, D, E, Q, R और S एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। D के ऊपर केवल पांच डिब्बे रखे गए हैं। D और C के बीच केवल तीन डिब्बे रखे गए हैं। C और S के बीच केवल चार डिब्बे रखे गए हैं। C और B के बीच केवल E को रखा गया है। R को C के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। Q और S के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. चार
- ✓ C. एक
- ✗ D. दो

Q.97 वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित प्रकार से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans
✗ A. EDH
✓ B. RQT
✗ C. AZD
✗ D. BAE

Q.98 संख्या 2536841 के प्रत्येक अंक को बाएँ से दाएँ आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में, बाएँ से दूसरे और दाएँ से दूसरे अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans
✗ A. 11
✗ B. 7
✓ C. 8
✗ D. 10

Q.99 एक निश्चित कूट भाषा में, 'queen chin steak' को 'kc eq rq' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'steak arch food' को 'yg kc mz' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'steak' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
✗ A. yg
✗ B. eq
✗ C. rq
✓ D. kc

Q.100 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) V A R V Y R A C M W S A I G Z O W V R R F (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन और ठीक बाद में भी एक व्यंजन है?

Ans
✗ A. दो
✗ B. एक
✗ C. एक भी नहीं
✓ D. तीन

"